भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई

विज्ञापन सं.1/2008
श्रेणी IV संवर्ग में भर्ती

श्रेणी IV संवर्ग में निम्नलिखित पद पर प्रतीक्षा सूची बनाने हेतु भारतीय नागरिकों, जो पात्रता मानदंड पूरा करते हैं तथा महाराष्ट्र राज्य (विदर्भ क्षेत्र को छोड़कर) गोवा राज्य तथा केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली के रहिवासी हैं से आवेदनपत्र आमंत्रित किए जाते हैं:

क्रम सं.	पद	रिक्तियों की संख्या	सामान्य	आरक्षित रिक्तियाँ		
				अजा	अजजा	अपिव
1	अग्निशामक	2	1	-	-	1

टिप्पणी: पदों की संख्या में बढ़ोती/कटौती करने अथवा अपनी आवश्यकतानुसार रिक्तियों को न भरने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित रहेगा।

I. पात्रता के मानदंड

आवेदक द्वारा निम्नलिखित शर्तें पूरी की जानी चाहिए।
अग्निशामक

क) शैक्षिक अर्हता:

i) **न्यूनतम:-** शासन/शासन के मान्यता प्राप्त स्कूल से 7 वीं कक्षा उत्तीर्ण।
अधिकतम:- मान्यता प्राप्त स्कूल/कॉलेज/विश्वविद्यालय से स्नातकपूर्व/ उम्मीदवारों के अर्जित शैक्षिक योग्यता किसी ऐसे बोर्ड/विश्व विद्यालय से होनी चाहिए जो भर्ती जोन अर्थात महाराष्ट्र राज्य और गोवा (विदर्भ को छोड़कर) तथा केंद्रशासित प्रदेश दादरा और नगर वेली में स्थित हो।

ii) उम्मीदवार के लिए आवश्यक है कि उसने शासकीय मान्यताप्राप्त संस्था से लगभग तीन महीने की अवधि का प्राथमिक फायर फायटिंग का प्रमाण पत्र कोर्स पूरा किया हो।

ख) **अनुभव** : न्यूनतम दो वर्ष कार्य का अनुभव जिसमें से अधिमान्यत: एक वर्ष किसी शासकीय/अर्धशासकीय संस्था में कार्य किया हो, प्राधान्य दिया जाएगा।

ग) **आयु** : 1 सितंबर, 2008 को 18 वर्ष से 25 वर्ष के बीच ।
उच्चतर आयु सीमा में छूट दी जाएगी यदि वे :

i) भूतपूर्व सैनिकों के लिए फौज में की गई सेवा की अवधि के अतिरिक्त 3 वर्ष की अवधि अधिकतम 50 वर्ष तक
ii) विधवा/कानूनी तौर पर अलग हुई तलाकशुदा परंतु पुनर्विवाह न की हुई महिला अधिकतम 35 वर्ष की आयु (38 वर्ष अपिव के लिए)
iii) अन्य पिछडे वर्ग (अपिव) के लिए 3 वर्ष अर्थात 28 वर्ष तक।

iv) बैकिंग संस्था/सरकारी कार्यालय के ऐसे भूतपूर्व कर्मचारी के लिए 6 वर्ष जिनकी एक वर्ष की सेवा के बाद छंटनी की गई बशर्ते उन्होंने एम्पालयमेंट एक्सचेंज द्वारा आवेदन किया है ।

v) जम्मू और कश्मिर राज्य से 01-01-1980 से 31-12-1989 के दरम्यान विस्थापित हुए व्यक्ति - 5 वर्ष ।

II. **वेतन एवं भत्ते** : रु.4550-110-4660-150-5110-190-5680-240-6400-300-7000-360-8080-480-10000 (20 वर्ष) के वेतनमान में प्रारंभिक प्रति माह वेतन रु.4550/- + एएसपी रु.135/- तथा समय-समय पर देय भत्ते। वर्तमान भत्तों की दरों पर मासिक कुल परिलब्धियाँ लगभग रु.7646/- होगी।

III. **कार्य का ब्योरा :** नियमित अंतराल पर फायर फायटिंग उपकरणों की जांच करना। आग पाये जाने पर आवश्यक कदम उठाना। फायर अधिकारी द्वारा दी गई अन्य डयूटी निभाना।

IV. **कार्य का स्थान** : पश्चिम अंचल में मुंबई/नवी मुंबई स्थित बैंक के कार्यालयों में रिक्तियां हैं।

V. **सामान्य महत्वपूर्ण अनुदेश** :

क) उच्चतर अर्हता वाला उम्मीदवार आवेदन करने के लिए पात्र नहीं है।

ख) स्कूल छोडने का प्रमाणपत्र/स्थानांतरण प्रमाणपत्र/अधिवास प्रमाणपत्र/म्युनिसिपल कार्पोरेशन द्वारा जारी जन्म प्रमाणपत्र में दर्ज जन्मतारीख को आयु के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा।

ग) भूतपूर्व सैनिक, जिन्होंने फौज की सेवा छोड़ने के पहले अथवा बाद भर्ती आंचल से बाहर की अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण की है वे पात्र होंगे।

घ) शारीरिक रूप से विकलांग/दृष्टि दोष/श्रवण दोष वाला व्यक्ति इस पद के लिए पात्र नहीं है।

ड्.) केवल पात्रता मानदंड की पूर्तता करने से उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के लिए पात्र नहीं होंगे/रिक्त पदों के अनुरूप साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या सीमित रखने के लिए न्यूनतम पात्रता मानक आदि बढ़ाने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित रहेगा। इस बारे में बैंक का निर्णय अंतिम रहेगा।

VI. **भूतपूर्व सैनिकों की व्याख्या**

"भूतपूर्व सैनिक अर्थात ऐसा व्यक्ति, जिसने भारतीय संघराज्य के सैन्यदल, नौसेना, वायुसेना में किसी भी श्रेणी (लड़नेवाले अथवा न लड़नेवाले स्टाफ के रूप में) में सेवा की है, परंतु इसमें ऐसे व्यक्ति का समावेश नहीं, जिसने डिफेन्स सिक्युरिटी कॉर्पस, जनरल रिज़र्व इंजीनियरिंग फोर्स, लोक सहायक सेना और पैरा मिलिटरी फोर्सेस में सेवा की है और जो ऐसी सेवा के बाद अपनी पेंशन अर्जित करके सेवा निवृत्त हो गया है अथवा जिसे फौज में कार्य करने के कारण चिकित्सा आधार पर अथवा उसके नियंत्रण के बाहर की स्थिति के कारण ऐसी सेवा मुक्त किया गया है और चिकित्सा या अन्य विकलांगता पेंशन दी गयी है अथवा जिसे आस्थापना में कटौती के परिणामस्वरूप उसके अपने अनुरोध के बजाय अन्य कारण से ऐसी

सेवा से मुक्त किया गया है अथवा जिसे नियोजन की निर्दिष्ट अवधि पूर्ण करने के बाद उसके अपने अनुरोध के बजाय अन्य कारण से सेवा से मुक्त किया गया है अथवा पद्च्युति के रूप में अथवा कदाचरण अथवा अदक्षता के कारण सेवा मुक्त किया गया है, और उपदान

(ग्रेच्युइटी) दी गई है और जिसे निम्नलिखित संवर्गों अर्थात निरंतर सम्मिलित सेवा के लिए पेंशन धारक की प्रादेशिक सेना के कार्मिकों में शामिल किया गया है

i) ऐसा व्यक्ति जो फौजी सेवा करते समय विकलांग हो गया

ii) पराक्रम के लिए पुरस्कार विजेता

VII. **चयन प्रक्रिया :**

ऊपर उल्लिखित पात्रता मानक और शर्तों के अधीन पात्र उम्मीदवार का चयन कौशल परीक्षा तथा साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। भर्ती के लिए चयनित उम्मीदवार को तैयार की जाने वाली प्रतीक्षा सूची में रखा जाएगा।

VIII. **आवेदन कैसे करें :**

i) उम्मीदवार को इसके साथ प्रकाशित आवेदन पत्र के निर्धारित फॉर्मेट में ही आवेदन करना होगा। आवेदन पत्र का फार्मेट हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in से डाउनलोड किया जा सकता है। अन्य किसी भी फार्मेट में किया गया आवेदनपत्र अस्वीकार किया जाएगा।

ii) आवेदन पत्र हेतु इसके साथ प्रकाशित फॉर्मेट को ही उपयोग में न लाया जाए। आवेदन-पत्र हेतु फूलस्केप कागज 33 सें.मी. X 21 सें.मी. का उपयोग करें। आवेदन पत्र मराठी/हिंदी/अंग्रेजी में अधिमानत: टाइप किया हुआ अथवा साफ-सुथरे अक्षरों में लिखा होना चाहिए।

iii) संबंधित दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतियां संलग्न करनी चाहिए। आवेदन-पत्र की दाहिनी ओर ऊपर के कोने में अद्यतन पासपोर्ट आकार का हस्ताक्षरित फोटो (3 सें.मी. x 2.5 सें.मी.) चिपकाना चाहिए।

iv) आवेदन-पत्र के लिफाफे पर स्वच्छ अक्षरों में "अग्निशामक (फायरमन) पद के लिए आवेदन-पत्र" ऐसा लिखकर उसे सामान्य डाक से ही भेजे अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक के मुख्य भवन के प्रवेश द्वार पर रखे बक्से में सप्ताह के दिन (शनिवार, रविवार और छुट्टी के दिन को छोडकर) किसी भी दिन पूर्वाह्न 10.30 से अपराह्न 4.00 बजें तक जमा करें। आवेदन-पत्र क्षेत्रीय निदेशक (महाराष्ट्र और गोवा), भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई कार्यालय, प्रशासन और कार्मिक प्रबंध विभाग, भर्ती अनुभाग, मुख्य भवन, शहीद भगत सिंह मार्ग, पोस्ट बाक्स सं. 901, फोर्ट, मुंबई 400 001 को संबोधित होना चाहिए। कोई भी आवेदन-पत्र व्यक्तिश: स्वीकार नहीं किया जाएगा अथवा उसकी कोई प्राप्ति-सूचना नहीं दी जाएगी।

IX. <u>अपात्रता</u> :

विज्ञापन में दिए गए पद के लिए आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे विज्ञापन में विनिर्दिष्ट तारीख को पात्रता के सभी मानक सभी पहलुओं से पूरे करते है। किसी भी प्रकार से संबंधित दस्तावेज/प्रमाणपत्र संलग्न न किए गए और/अथवा देरी से प्राप्त हुए आवेदन पत्र अस्वीकार किए जाएंगे। इस बारे में बैंक का निर्णय अंतिम होगा। किसी भी आवेदन-पत्र/उम्मीदवारं को बिना कोई कारण दिए भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर अस्वीकार करने का अधिकार बैंक सुरक्षित रखता हैं।

X. <u>अंतिम तारीख</u> : सभी प्रकार से पूरे किए गए आवेदन-पत्र बैंक के कार्यालय के उपर्युक्त पतेपर अधिकतम 13-10-2008 तक पहुंच जाने चाहिए।

XI. <u>चेतावनी</u>

i) पात्र न पाए गए/और साक्षात्कार के लिए न बुलाए गए, उम्मीदवारों से किसी भी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जाएगा।

ii) किसी भी स्वरूप की अनुयाचना को अपात्रता मानी जाएगी। उम्मीदवार द्वारा उम्मीदवारी के समर्थन में किसी भी प्रकार से किए गए प्रयास जैसे जालसाजीयुक्त दस्तावेजों प्रस्तुत करना, गलत/झूठी जानकारी देना, महत्वपूर्ण जानकारी छिपाना, अपनी उम्मीदवारी के संबंध में अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए अनियमित अथवा अनुचित साधनों का सहारा लेना अपात्रता का कारण होगा। यदि किसी बेईमान व्यक्ति ने अनुचित साधनों का सहारा लेते हुए सहायता प्रदान करने का दावा किया तो निम्नलिखित में से किसी से शिकायत दर्ज की जा सकती है।

क) शिकायत निवारण कक्ष, भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई-400 001
ख) केंद्रीय सतर्कता आयोग, सतर्कता भवन, ब्लॉक "ए", जनरल पोस्ट ऑफिस कॉम्प्लेक्स, आय.एन.ए., नई दिल्ली-110 023

क्षेत्रीय निदेशक
महाराष्ट्र और गोवा राज्य
भारतीय रिज़र्व बैंक
मुंबई-400 001

भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई में अग्निशामक पद के लिए आवेदन-पत्र का फॉर्मेट

(विज्ञापन सं.: 1/2008)

अग्निशामक पद के लिए आवेदन पत्र

आवेदक का हस्ताक्षरित अद्यतन फोटोग्राफ (3 सें.मी. x 2.5 सें.मी.)

1.पूरा नाम :

क) आवेदक : श्री/श्रीमती/कु. ----------

ख) पिता/पति : ----------

(उपनाम) (नाम) (पिता/पति का नाम)

2.लिंग पुरुष ☐ स्त्री ☐

(उचित बॉक्स में चिन्ह लगाए)

3.आवास का पूरा पता ----------

(पिन कोड सहित जिला लिखे) ----------

---------- आवास का फोन/मोबाईल क्र.

4.जन्मतिथि : क) ---------- ---------- ---------

(स्कूल छोड़ने के प्रमाणपत्र में यथादर्ज) तारीख माह वर्ष

ख) 01.09.2008 को आयु ☐ ☐ ☐

वर्ष माह दिन

5.शैक्षिक अर्हता 01.09.2008 को ☐ कक्षा उत्तीर्ण ☐ प्राप्त अंक ☐ कितने में से ☐ प्रतिशत

6. जिस संस्था से प्राथमिक अग्निशमन प्रमाणपत्र अभ्यासक्रम उत्तीर्ण किया उसका नाम

स्थान: जिला: राज्य:

प्रमाणपत्र अभ्यासक्रम	उत्तीर्ण	प्राप्त अंक	कितने में से	प्रतिशत

7.अनुभव का ब्योरा : ----------

8.संवर्ग
(उचित बॉक्स में चिह्न लगाए)

अ.जा.	अ.ज.जा.	अन्य पि.व.	सामान्य

9.क्या भूतपूर्व सैनिक हैं :

हाँ	नहीं

i) फौज में तैनाती की तारीख : ----------
ii) फौज से सेवामुक्ति की तारीख : ----------
iii) कुल फौजी सेवा : ----------
iv) बैंकिंग संस्था/सरकारी कार्यालय के ऐसे भूतपूर्व कर्मचारी जिन्हें कम से कम एक वर्ष की सेवा के बाद निकाल दिया गया है

हाँ	नहीं

10.रोजगार कार्यालय में पंजीकरण संख्या, यदि हो ----------

<u>घोषणा</u>

मैं घोषित करता/करती हूं कि ऊपर दी गई सभी जानकारी और ब्योरे सत्य तथा सही हैं। मैं जानता/जानती हूँ की दी गई जानकारी यदि अपूर्ण/गलत, झूठ अथवा गुमराह करने वाली हो तो मेरी उम्मीदवारी किसी भी स्तर पर नियुक्ति से पहले तथा यदि मेरी नियुक्ति होती है तो बिना नोटिस दिए अथवा उसके बदले में किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति दिए मेरी नियुक्ति रद्द की जा सकती है। मैं यह भी समझता/समझती हूं कि मेरी उम्मीदवारी पर विज्ञापन में निर्धारित मानदंड/शर्तों की अधीन विचार किया जाएगा।

आवेदक का हस्ताक्षर ----------

स्थान ----------
तारीख ----------
अनुलग्नक --------